NEWS18 हिंदी

भिंड में 750 बोरी नकली खाद जब्त: किसान बनकर कृषि अधिकारी ने किया स्टिंग, मास्टरमाइंड समेत 11 पर FIR



Bhind News: भिंड में नकली खाद के बड़े कारोबार का भंडाफोड़ हुआ है. कलेक्टर के निर्देश पर कृषि विभाग की टीम ने जिले भर में बड़ी कार्रवाई की है. इस दौरान 750 से अधिक बोरी नकली खाद जब्त की गई है. यह नकली खाद किसानों को असली बताकर बेची जा रही थी.

Source: https://hindi.news18.com/amp/news/madhya-pradesh/bhind-750-bags-fake-fertilizer-seized-agriculture-official-conducts-sting-operation-by-posing-as-farmer-fir-lodge-local18-10936523.html